# नियम एवं शर्तें

# काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता - 2026

## प्रस्तावना

**विश्व की सांस्कृतिक राजधानी काशी** अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक परम्परा, आध्यात्मिक विरासत, प्राचीन मंदिरों, पावन गंगा घाटों, समृद्ध संस्कृति, हस्तशिल्प, विविध पर्व-त्योहारों एवं निरंतर हो रहे विकास कार्यों के कारण सम्पूर्ण विश्व में विशिष्ट पहचान रखती है। काशी के इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व, साहित्य, धर्म, पर्यटन एवं विकास से संबंधित अनेक पुस्तकें, शोध-पत्र एवं प्रकाशन समय-समय पर प्रकाशित होते रहे हैं।

इसी समृद्ध ज्ञान-परम्परा को जन-जन तक पहुँचाने तथा काशी के प्रत्येक नागरिक को अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर से जोड़ने के उद्देश्य से **"काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता - 2026"** का आयोजन लोकसभा क्षेत्र, वाराणसी में किया जा रहा है।

पूर्व में आयोजित इसी प्रकार की ज्ञान प्रतियोगिता में लगभग 2 **लाख प्रतिभागियों** ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर इसे अत्यंत सफल बनाया था। वर्ष 2026 में यह प्रतियोगिता और अधिक व्यापक, पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम स्वरूप में आयोजित की जाएगी।

---

## 1. प्रतियोगिता क्षेत्र

प्रतियोगिता का आयोजन लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के अंतर्गत निम्न क्षेत्रों में किया जाएगा–

- विकास खण्ड सेवापुरी
- विकास खण्ड अराजीलाइन
- विकास खण्ड काशी विद्यापीठ
- सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र

---

## 2. प्रश्नोत्तर पुस्तिका

प्रतियोगिता के लिए **5,000 से अधिक प्रश्नों** पर आधारित एक विस्तृत प्रश्नोत्तर पुस्तिका तैयार की गई है।

इस पुस्तिका में निम्न विषयों से संबंधित प्रश्न सम्मिलित हैं–

- काशी का इतिहास
- प्राचीन एवं आधुनिक भूगोल
- प्रमुख मंदिर एवं धार्मिक स्थल
- गंगा एवं प्रमुख घाट
- संस्कृति एवं परम्पराएँ
- पर्यटन एवं विरासत स्थल
- हस्तशिल्प एवं कला
- प्रमुख व्यक्तित्व
- विकास कार्य एवं जनकल्याण योजनाएँ
- शिक्षा, साहित्य एवं अन्य महत्वपूर्ण विषय

**इस पुस्तिका का उद्देश्य प्रत्येक काशीवासी को काशी के विविध आयामों का समग्र एवं प्रामाणिक ज्ञान उपलब्ध कराना है।**

---

## 3. पंजीकरण

प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु पंजीकरण पूर्णतः **ऑनलाइन** होगा।

पंजीकरण निम्न माध्यमों से किया जा सकेगा–

- आधिकारिक वेबसाइट पोर्टल
- QR Code स्कैन कर

---

## 4. प्रतियोगिता की श्रेणियाँ

प्रतियोगिता निम्नलिखित चार श्रेणियों में आयोजित की जाएगी–

**(क)** कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थी

**(ख)** कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**(ग)** महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ

**(घ)** सामान्य नागरिक (जो उपर्युक्त तीनों श्रेणियों में सम्मिलित नहीं हैं)

---

## 5. प्रतियोगिता का स्वरूप

## (अ) विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु

**प्रथम स्तर** – विद्यालय स्तर

**द्वितीय स्तर** – विकास खण्ड / जोनल स्तर

**तृतीय स्तर** – जिला स्तर

**(ब) सामान्य नागरिकों हेतु**

**प्रथम स्तर** – ग्राम पंचायत / वार्ड स्तर

**द्वितीय स्तर** – विकास खण्ड / जोनल स्तर

**तृतीय स्तर** – जिला स्तर

---

## 6. प्रतियोगिता की प्रक्रिया

- प्रथम एवं द्वितीय स्तर की प्रतियोगिताएँ **लिखित क्विज (Written Quiz)** के रूप में आयोजित की जाएँगी।
- जिला स्तर की अंतिम प्रतियोगिता **बजर (Buzzer) राउंड** के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
- अंतिम चरण में प्रत्येक श्रेणी के चयनित प्रतिभागियों को आमंत्रित किया जाएगा।